तापमान
अधिकतम 35.8 डिग्री
न्यूनतम 23.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 19 जुलाई, 2025

12 सर्वधर्म समाज ने एमडीएसडी कॉलेज में किया पौधरोपण



12 छात्रों को कैंसर की जानकारी दी, निपटने के भी उपाय बताए



## खबर संक्षेप

### बिजली निगम का क्लर्क ठगी के आरोप में पकड़ा

**पानीपत।** थाना हुडा सेक्टर 13/17 पुलिस ने ग्रुप सी की सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर पांच लाख रूपये की ठगी करने के आरोपी जसबीर मूल निवासी गांव चंदौली जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। आरोपी जसबीर बिजली विभाग में क्लर्क के पद पर वर्तमान में अंबाला में तैनात है। पूरे मामले की जानकारी लेने व इसके साथियों को पकडने के लिए पुलिस ने जसबीर को कोर्ट में पेश कर आठ दिन के रिमांड पर लिया है।

### ठेके पर चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने उरलाना कलां गांव के पास स्थित शराब ठेके पर चोरी करने वाले दो आरोपियों दीपक पुत्र रामेश्वर व मोनू पुत्र रामा निवासी गांव खेड़ी खेमावती जिला जीन्द को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना मतलौडा में सेल्समैन छिछड़ाना गांव निवासी सुखबीर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### मोबाइल व नगदी लूटने के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने बराना रोड पर बबैल गांव के खेतों में बने कोठड़े की छत पर सो रहे सागर से मोबाइल व नगदी लूट करने के दो आरोपियों संदीप व मनीष उर्फ मीतू निवासी गांव जरीफाबाद जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि लूट की उक्त वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में बबैल गांव निवासी सागर पुत्र साहब सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

### नशा तस्कर को 5 साल का कठोर कारावास

**पानीपत।** अतिरिक्त सेशन जज योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी हिम्मत राम पुत्र भोली राम निवासी गांव लफानी, जिला कूल्लू, हिमाचल प्रदेश को दोषी करार देते हुए पांच साल के कठोर करावास की सजा सुनाई है। जज चौधरी की अदालत ने हिम्मत राम पर 25 हजार का जुर्माना भी किया है। वहीं जुर्माना नहीं देने पर हिम्मत को छह माह का अतरिक्त कारावास भोगना होगा।

### भूमिगत केबल चोरी के आरोप में दो दबोचे

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने हुडा सेक्टर 25 में बीएसएनएल की भूमिगत केबल चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों आफताब निवासी आर्य नगर, पहाडगंज दिल्ली व संजीव उर्फ संजू निवासी गांव सबौली जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट से तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

## होलसेल कपड़ा मार्केट के 800 दुकानदारों को मिलेगी सौगात

नवनिर्मित पार्किंग का सीएम नायब सैनी 28 को करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ पूर्व मंत्री असीम गोयल ने पार्किंग का किया मुआयना

अंबाला शहर की होलसेल कपड़ा मार्केट के करीब 800 दुकानदारों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से बनी कार पार्किंग का बेहद जल्द उद्घाटन होने जा रहा है। खुद प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी यह बड़ी और महत्वपूर्ण सौगात देने के लिए अंबाला शहर आ रहे हैं।

बता दें कि कपड़ा मार्केट में पार्किंग की ठोस व्यवस्था न होने की वजह से लगभग 800 दुकानदारों का व्यापार ठप्प होने की कगार पर पहुंच गया था। मार्केट में दिनभर जाम की समस्या भी बनी रहती थी जिसके बाद पूर्व मंत्री असीम गोयल ने दुकानदारों की समस्या पर संज्ञान लेते हुए इस पार्किंग का निर्माण करवाया। ऐसे में यह पार्किंग दुकानदारों के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं होगी।



**अंबाला।** नवनिर्मित पार्किंग का मुआयना करते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

### दुकानदारों को निमंत्रण

इसके लिए शुक्रवार को पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कपड़ा मार्केट के दुकानदारों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। दुकानदारों को सीएम नायब सैनी के कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। इस मौके पर असीम गोयल ने बताया कि 28 जुलाई को सीएम मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए अंबाला शहर आ रहे हैं। उसी दिन इस पार्किंग का उद्घाटन भी किया जाएगा। गोयल ने बताया कि वो जानते हैं कि ये पार्किंग दुकानदारों के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। इसके निर्माण से न केवल दुकानदारों को बल्कि मार्केट में आने वाले खरीददारों को भी फायदा होगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही सीएम जनसुई बस स्टैंड व बिजली विभाग से संबंधित कई प्रोजेक्ट्स की भी सौगात नागरिकों को देंगे। पार्किंग के उद्घाटन की ख़बर मिलते ही दुकानदारों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

दुकानदारों का कहना है कि इस पार्किंग के उद्घाटन की खबर सुनकर वे बेहद खुश हैं। सीएम नायब सैनी का यहां गर्मजोशी के साथ अभिनंदन किया जाएगा।

### आभार जताया

कपड़ा मार्केट एसोसिएशन के प्रधान विशाल बत्रा का कहना है कि पूर्व मंत्री असीम गोयल द्वारा दी गई यह सौगात लगभग 800 दुकानदारों के लिए नया जीवन लेकर आई है। यह कार पार्किंग दुकानदारों के लिए किसी लाईफ लाइन से कम नहीं। इसके निर्माण के लिए दुकानदारों ने पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल का आभार जताया है।

## यमुना मे कूदी चचेरी बहनों में से रीना का मिला शव



**इंद्री।** गांव खेड़ी मानसिंह के पास घटना की जांच करती पुलिस ।

■ कुरुक्षेत्र के गांव बजीरपुर की दो चचेरी बहनों ने पश्चिमी यमुना नहर में लगा दी थी छलांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री के पश्चिमी यमुना नहर पुल से नहर में छलांग लगाने वाली दो चचेरी बहनों में से एक करीब 23 वर्षीय रीना का शव शुक्रवार दोपहर बाद पश्चिमी यमुना नहर के खेडी मान सिंह स्थित पुल के पास से करीब 50 घंटे बाद मिल गया।

नहर पर चचेरी बहनों की तलाश में बैठे परिजनों ने जैसे ही नहर में शव को तैरते देखा तो तुरंत इसकी सूचना गोताखोर प्रगट सिंह व इंद्री पुलिस को दी । पुलिस व गोताखोर प्रगट सिंह की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंच कर शव को नहर से बाहर निकाला तो शव की पहचान करीब 23 वर्षीय रीना के रूप में हुई । गौरतलब है कि बुधवार को कुरुक्षेत्र के गांव बजीरपुर की दो चचेरी बहनों मनीषा व रीना ने इंद्री के पास से गुजर रही पश्चिमी यमुना नहर के पुल से नहर में छलांग लगा दी थी जिसकी तलाश में परिजन लगातार नहर पर बैठे हुए थे।

शुक्रवार को चचेरी बहनों में से युवती रीना का शव मिल गया । इस मामले में जांच अधिकारी चरण सिंह ने बताया कि परिजनों के बयान पर मामला दर्ज कर शव को करनाल पोस्टमार्टम हाउस में भिजवा दिया गया है । उन्होने बताया कि शव का पोस्टमार्टम शनिवार को किया जाएगा ।

## अफीम तस्करी के मामले का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ 1 किलो 66 ग्राम अफीम के साथ ट्रक चालक काबू, दस दिन के रिमांड पर लिया

सीआईए टू ने अफीम तस्करी के बड़े मामले का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने जांच के दौरान एक ट्रक चालक को 1 किलो 66 ग्राम अफीम के साथ काबू किया है। सूचना के आधार पर इस मामले का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

साथ-साथ नशा तस्करी को रोकने हेतू नशा तस्करों पर कड़ा प्रहार भी किया जा रहा है। अभियान के दौरान थाना साहा क्षेत्र के जगाधरी रोड पर आशीर्वाद ढाबे के पास अफीम की बड़ी खेप पहुंचने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर सीआईए-2 पंजाब के राजपुरा वासी यशपाल सिंह को 1 किलो 66 ग्राम अफीम समेत काबू किया। आरोपी पहले भी कुरूक्षेत्र में 20 किलोग्राम अफीम सहित पकड़ा गया था। इस मामले में आरोपी जमानत पर चल रहा है। अब पुलिस ने आरोपी को 10 दिन के रिमांड पर लिया है। इस दौरान उससे गहनता से पूछताछ की जाएगी। पता चला है कि आरोपी यशपाल सिंह काफी समय से नशा तस्करी के कारोबार में संलिप्त है। उसकी जड़ें खंगालने के लिए अब पुलिस आरोपी को कई जगह लेकर जाएगी। इस मामले में पुलिस को कई दूसरे आरोपियों के भी गिरफ्तार होने की संभावना है।



**अंबाला।** अफीम तस्करी में पकड़ा गया आरोपी यशपाल।

## क्रिप्टो वैली वेबसाइट का एमडी काबू, 7 दिन के रिमांड पर

■ मोटे मुनाफे का लालच देकर हजारों निवेशकों को करोड़ों का चूना लगाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

क्रिप्टो वैली वेबसाइट के जरिए लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक ठगी का कारोबार करने वाली कंपनी का एमडी बताया जा रहा है। अब पुलिस ने दोनों आरोपियों को रिमांड पर लिया है।

दरअसल पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने थाना महेशनगर में दर्ज करोडों रूपये की धोखाधड़ी के मामले में क्रिप्टो वैली वेबसाइट कंपनी के एमडी आरोपी गुरमेल सिंह व उसके साथी सुखबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। काफी समय से पुलिस आरोपियों को तलाश रही थी। पुलिस ने पूछताछ के लिए आरोपी सुखबीर को तीन दिन व एमडी गुरमेल को सात दिन के रिमांड पर लिया है। लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर बरामदगी की जाएगी। महेशनगर के नूनगर मोहल्ले के रहने वाले संजीव कुमार ने 16 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जनवरी 2022 से 16 जनवरी 2025 के दौरान आरोपी गुरमेल सिंह, सुखबीर सिंह तथा अन्य ने क्रिप्टो वैली की वेबसाइट पर लालच देकर उससे मोटी रकम निवेश करवाई थी। उस समेत तमाम निवेशकों को मोटे मुनाफे का लालच दिया गया था। आरोपियों द्वारा क्रिप्टो वैली वेबसाइट पर खाते खोलकर लालच देकर एजेंट बनाया जाता था। इसी प्रकार एजेंट आगे क्रमानुसार एजेंट तैयार करते थे जिसकी एवज में उन्हें कमीशन मिलता था। आरोपियों ने वेबसाइट पर एक बड़ी चेन तैयार करके काफी लोगों से एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी की है।



**अंबाला।** पकड़े गए कंपनी के आरोपी।

## एसएमएच मेडिकेयर अस्पताल की रजिस्ट्री रद करने के आदेश

■ एडीसी ने पालिका अधिकारियों व अस्पताल निदेशक को फटकारा

**समालखा।** पानीपत जिला नगर आयुक्त एवं अतिरिक्त आयुक्त (एडीसी) डॉक्टर पंकज ने एसडीएम अमित कुमार को एसएमएच मेडिकेयर अस्पताल के बाहर पालिका भूमि को कब्जा मुक्त कराकर दीवार बनाने व अस्पताल के नाम तहसील में दर्ज रजिस्ट्री को रद्द करने का केस बना कर स्वीकृति के लिए उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया को भिजवाने के निर्देश दिए है। यह कार्यवाही आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर की शिकायत पर शुक्रवार को सुनवाई के बाद हुई। वहीं, जांच में नगर पालिका सचिव मनीष शर्मा, जेई गौरव, तीनों प्रॉपर्टी टैक्स क्लर्क प्रिंस, गौरव, रविंद्र, हलका पटवारी दीपक, एसएमएच मेडिकेयर अस्पताल निदेशक धीरेन्द्र, प्लॉट विक्रेता बबीता जिंदल, रितिक जिंदल आदि उपस्थित हुए। शिकायतकर्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने जांच के दौरान एडीसी डा.पंकज को नक्शा बना कर स्पष्ट किया कि किस तरह जालसाजी करके पालिका भूमि को अपनी भूमि बता कर क्रेता, विक्रेता ने तहसीलदार से मिलकर तहसील में रजिस्ट्री करवा कर फ़र्जीवाड़ा किया। जांच अधिकारी एडीसी ने इस मामले में शामिल लोगों को कड़ी फटकार लगाई।

## निगदू मंडी के व्यापारियों को नहीं मिली आढ़त तीन करोड़ रुपये से अधिक राशि अटकी

■ सरकारी खरीद खत्म हुए तीन माह बीतने के बावजूद गेहूं सीजन की आढ़त का भुगतान लंबित, आढ़ती हुए परेशान

**निगदू, करनाल।** गेहूं की सरकारी खरीद खत्म हुए तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन निगदू अनाजमंडी के व्यापारियों को अभी तक आढ़त के भुगतान का इंतजार है। व्यापारियों का आरोप है कि सरकार की ओर से करोड़ों रुपये की देनदारी अब तक पूरी नहीं की गई है, जिससे मंडी में व्यापारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

निगदू अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान राजबीर सगवाल और मीडिया प्रभारी सुभाष चुचरा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष निगदू मंडी में तीन सरकारी खरीद एजेंसियों हरियाणा वेयरहाउस कॉरपोरेशन, डीएफएससी और हैफेड द्वारा बड़ी मात्रा में गेहूं की खरीद की गई थी। आंकड़ों के अनुसार हरियाणा वेयरहाउस कॉरपोरेशन ने 3,42,000 कट्टे, डीएफएससी ने 5,20,000 कट्टे और हैफेड ने 5,05,000 कट्टे गेहूं की खरीद निगदू मंडी से की थी। व्यापारियों के अनुसार, इस खरीद के एवज में करीब 3 करोड़ 55 लाख रुपये की आढ़त बनती है, जो अभी तक बकाया है। आढ़ती राजबीर सगवाल ने बताया कि गेहूं सीजन में मजदूरी, तुलाई और अन्य व्यवस्थाएं व्यापारियों ने अपनी जेब से करवाई थीं। अब धान की रोपाई का सीजन चल रहा है, जिसमें प्रवासी मजदूरों को तत्काल नकद भुगतान करना होता है, ऐसे में पैसे की आवश्यकता अत्यधिक है।

सुभाष चुचरा ने कहा कि सरकार दावा करती है कि खरीद के तीन दिन के भीतर भुगतान कर दिया जाएगा, लेकिन गेहूं की खरीद 1 अप्रैल से शुरू हुई थी और जुलाई बीतने को है, फिर भी आढ़त का भुगतान लंबित है।

उन्होंने कहा कि किसानों और व्यापारियों दोनों के हित में सरकार को तुरंत यह भुगतान जारी करना चाहिए। आढ़ती एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही बकाया भुगतान नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को विवश होंगे।

## युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करके ले गया। युवती के परिजनों को जब इस बारे पता चला तो उसने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

साढौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 19 वर्षीय भतीजी 16 जुलाई को रात का खाना खाकर अपने कमरे में सो गई थी। सुबह जब परिवार के सदस्य्य जागे तो उन्होंने उसकी भतीजी कमरे में नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच करने पर उन्हें मालूम हुआ कि उसकी भतीजी गांव नौशहरा निवासी पारस के साथ फोन पर बात करती थी। पारस उसे शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## पुलिस अकादमी में पीएसआई व बैंड बेसिक कोर्स का दीक्षांत समारोह

# वर्दी समाज की सेवा का माध्यम : डॉ. चावला

■ 220 प्रशिक्षणार्थियों ने समारोह के दौरान निष्ठा की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

वर्दी हमें समाज की सेवा करने के अनेक अवसर प्रदान करती है, इसका सम्मान करें और इसे जनता की भलाई के लिए उपयोग करें।" यह संदेश हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन के निदेशक एवं मुख्य अतिथि डॉ. अरशिन्दर सिंह चावला ने शुक्रवार को आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह के दौरान दिया।

कार्यक्रम का आयोजन क्वार्टर गार्ड परिसर में किया गया, जहां प्रोबेशनर सब-इंस्पेक्टर बेसिक कोर्स बैच संख्या 22 और बैण्ड रिक्रूट बेसिक कोर्स बैच संख्या 03 के कुल 220 प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी प्रारंभिक ट्रेनिंग पूर्ण कर दीक्षांत परेड में भाग लिया। मुख्य मंच पर बैठे अधिकारियों की उपस्थिति में सभी जवानों ने संविधान के प्रति पूर्ण निष्ठा, निष्पक्षता व ईमानदारी से अपने कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ ली।



समारोह की शुरुआत अकादमी की पुलिस उप-अधीक्षक गीतिका जाखड़ द्वारा प्रस्तुत प्रशिक्षण प्रतिवेदन से हुई, जिसमें उन्होंने कोर्स की रूपरेखा, प्रशिक्षण की विधियों और नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान जवानों को साइबर अपराध अनुसंधान, महिला सुरक्षा, मानवाधिकार संरक्षण, स्मार्ट पुलिसिंग, कार्यस्थल पर महिलाओं से संबंधित कानूनों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के प्रति संवेदनशील व्यवहार पर प्रशिक्षण दिया गया।बैंड रिक्रूट बेसिक कोर्स के संबंध में डीएसपी गीतिका जाखड़ ने बताया कि इस बैच के प्रशिक्षणार्थियों को पाइप और ब्रास बैण्ड के आठ प्रकार के वाद्य यंत्रों पर दक्षता दी गई है।

### बैण्ड का महत्व बताया

मुख्य अतिथि डॉ. चावला ने बैण्ड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बैंड न केवल पुलिस बल की गरिमा को दर्शाता है, बल्कि यह जवानों में ऊर्जा, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव की भावना भी उत्पन्न करता है। मुख्य अतिथि डॉ. चावला ने समारोह में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों के परिजनों को विशेष रूप से संबोधित करते हुए कहा कि "आपके बच्चों ने एक ऐसा क्षेत्र चुना है जो चुनौतियों से भरा है लेकिन समाज के प्रति सबसे अधिक उत्तरदायित्व वाला भी है। आप गौरवान्वित हो सकते हैं कि आपके बेटे-बेटियों ने हरियाणा पुलिस की सेवा का व्रत लिया है।" उन्होंने जवानों से अपील की कि वे हमेशा जनसेवा को प्राथमिकता दें, प्रशिक्षण में सीखी हर बात को अपने कार्य में आत्मसात करें।

### प्रशिक्षणार्थी सम्मानित

दीक्षांत समारोह के दौरान बैण्ड रिक्रूट बेसिक कोर्स बैच 03 के तीन उत्कृष्ट जवानों को सम्मानित भी किया गया। प्रथम स्थान पर सिपाही जमीर खान (221 एचपीए),द्वितीय स्थान पर सिपाही सोनू (211 एचपीए) व तृतीय स्थान पर सिपाही अमित (92, द्वितीय वाहिनी एचएपी) को मुख्य अतिथि द्वारा प्रथम श्रेणी प्रशंसा पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

## बस में चढ़ते समय महिला के गले से चुराया सोने का लॉकेट

**यमुनानगर।** जगाधरी बस अड्डे पर बस में चढ़ते समय चोरों ने महिला के गले से सोने का लॉकेट चोरी कर लिया। महिला को जब गले से लॉकेट गायब मिला तो उसने शोर मचा दिया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

गांव दादुपुर जाट्टान निवासी कर्मजीत कौर ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह वीरवार को यमुनानगर किसी काम से आई थी। सुबह करीब साढ़े 11 बजे वह घर वापस जाने के लिए जगाधरी बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रही थी। इस दौरान एक बस आई। बस में काफी भीड़ थी। जब वह बस में चढ़ने लगी तो चोरों ने उसके गले से सोने का लॉकेट चोरी कर लिया। बस में चढ़कर जब उसे गले से सोने का लॉकेट गायब मिला तो उसने शोर मचा दिया। बस चालक ने बस रोकी तो उसने चोरों को ढूंढ़ने का प्रयास किया लेकिन उनका कुछ भी पता नहीं चला।

## विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे ढाई लाख

■ पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर गांव मेहलांवाली निवासी राहुल कुमार से ढ़ाई लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप राजबीर बराड़, जसकरण, संदीप सैनी, कुनाल व हरप्रीत पर लगा है। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव मेहलांवाली निवासी राहुल कुमार ने शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात राजबीर बराड़ के साथ हुई। आरोपी ने उसे बताया कि वह अपने साथियों जसकरण, संदीप सैनी, कुनाल व हरप्रीत के साथ युवाओं को विदेश भेजने का काम करता है। वह उसे रोजगार के लिए विदेश भेज देगा। जहां उसे रोजगार भी मिल जाएगा। वह आरोपियों की बातों में आ गया। आरोपियों ने उसे विदेश भेजने के नाम पर ढ़ाई लाख रुपये व जरूरी दस्तावेज ले लिए।

आरोपियों ने उसे जल्द विदेश भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपियों से बात की तो उन्होंने उसे संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया और दोबारा पैसे मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### जेसीआई गोल्ड को सर्वश्रेष्ठ प्रचार अभियान पुरस्कार

**करनाल।** सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली संस्था जेसीआई करनाल गोल्ड को वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ प्रचार अभियान (बेस्ट पब्लिसिटी कैंपेन) का राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह सम्मान जेसीआई इंडिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष जेसी शुभांगी पाटिल द्वारा संस्था की अध्यक्ष जेसी लिविया ग्रेवाल और सचिव जेसी अनुज गर्ग को गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान प्रदान किया गया। संस्था के मीडिया प्रभारी अंकित बंसल ने बताया कि यह पुरस्कार करनाल के युवाओं में सकारात्मक बदलाव और जागरूकता लाने के लिए किए गए प्रभावशाली प्रचार अभियानों के लिए दिया गया है।

### डाइट शाहपुर में शिक्षकों को नेतृत्व प्रशिक्षण

**करनाल।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) शाहपुर में स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों के लिए चल रहे पांच दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिन शिक्षकों को शैक्षणिक प्रबंधन, प्रेरणा तकनीक, नवाचार व नेतृत्व विकास पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य ममता चौधरी ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निष्ठा प्रशिक्षण के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को सिर्फ शिक्षक नहीं बल्कि प्रेरणादायक नेता बनाना है, ताकि वे छात्रों के सर्वांगीण विकास में प्रभावी भूमिका निभा सकें।

### मेट सुमन लता, मीनाक्षी, रोशनी व सुनीता ने मनरेगा में की काम की मांग

# विधायक के समक्ष पीएम आवास और गलियों की समस्या लेकर पहुंचे ग्रामीण

**विधायक ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में आमजन की समस्याओं को सुनकर दिए निपटाने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समय पर समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके समक्ष गांव रसूलपुर से सविता पीएम आवास योजना के तहत मकान बनवाने, गांव चंद्राव से सुशील कुमार तथा गांव बीबीपुर जाटान से शिवकुमार गांव में गली बनवाने व ट्रांसफार्मर लगवाने की समस्या लेकर आए। इसी प्रकार मेट सुमन लता, मीनाक्षी, रोशनी, सुनीता मनरेगा में काम दिलवाने की समस्या लेकर आए। विधायक इन समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चहुंमुखी विकास को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है और सरकार का यही प्रयास है कि विकास के मामले में प्रदेश के किसी भी क्षेत्र को अछूता नहीं रहने दिया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं व शिकायतों का तुरंत और प्रभावी समाधान किया जाएगा ताकि उन्हें बिना किसी अनावश्यक देरी के सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस मौके पर कांबोज सभा के पदाधिकारियों ने विधायक रामकुमार कश्यप को 28 जुलाई को इंद्री में होने वाले राज्य स्तरीय शहीदी दिवस समारोह का निमंत्रण दिया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व कार्यकर्ताओं सहित हलके के लोग मौजूद रहें।



इंद्री। विधायक से मनरेगा में काम दिलवाने की मांग करती महिलाएं।




इंद्री। विकास कार्यों का उद्घाटन करते विधायक योगेंद्र राणा। फोटो : हरिभूमि

### शिविरों में शिकायतों के शीघ्र समाधान के निर्देश

एडीसी सोनू भट्ट ने कहा- विभाग औपचारिकता छोड़कर लें जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज़ करनाल। लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर की समीक्षा बैठक में एडीसी सोनू भट्ट ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटान प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कहा कि जो शिकायतें 60 दिन से अधिक समय से लंबित हैं, उनका समाधान जल्द किया जाए। शिविरों का उद्देश्य लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर काटने से राहत देना है। बैठक में सीटीएम मोनिका, डीडीपीओ संजय टांक, डीआरओ मनीष यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सरकार गांवों के विकास को लेकर प्रतिबद्ध

**असंध।** गांवों की समस्याओं को प्राथमिकता पर हल कराने और प्रशासनिक सेवाओं को आमजन की दहलीज तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा गांव सालवन में आयोजित समाधान शिविर में भारी जनसमूह उमड़ा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे असंध विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि जिन समस्याओं का मौके पर समाधान नहीं हो पाया है, उन्हें संबंधित विभागों के माध्यम से जल्द निपटाया जाएगा। उपायुक्त उतम सिंह ने भी शिविर में ग्रामीणों की 90 प्रतिशत शिकायतों का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित कराया। इस दौरान जिला प्रशासन, नगर निगम, बिजली निगम, जल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# खेत में दवाई छिड़कते समय मजदूर की संदिग्ध मौत

- जाणी गांव निवासी पवन की तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में हुई मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जाणी गांव में वीरवार को खेतों में कीटनाशक दवाई छिड़कने के दौरान 38 वर्षीय मजदूर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक की पहचान पवन कुमार पुत्र महेंद्र सिंह निवासी जाणी गांव के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि खेतों में छिड़की गई जहरीली दवाई शरीर में चढ़ने के कारण उसकी तबीयत बिगड़ी, जिससे उसकी जान चली गई।

जानकारी के अनुसार, पवन वीरवार को गांव के ही खेतों में कीटनाशक दवाई छिड़कने का कार्य कर रहा था। दोपहर में घर लौटते वक्त उसे चक्कर आने लगे और उल्टी की शिकायत हुई। हालत बिगड़ते देख परिजन उसे तत्काल कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन द्वारा पवन को मृत घोषित किए जाने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पवन अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी को छोड़ गया है। उसकी असमय मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है और गांव में भी शोक की लहर है। मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी राजाराम ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला खेतों में छिड़की गई दवाई के संपर्क में आने से तबीयत बिगड़ने का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

## न्यूज डायरी



### स्कूलों में गूंजेगा श्रीमद्भगवद्गीता का ज्ञान

**करनाल।** हरियाणा के सभी सरकारी स्कूलों में अब प्रार्थना सभा के दौरान श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का नियमित पाठ किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर आदेश जारी कर दिए हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने निर्णय को सराहनीय बताया और कहा कि यह बच्चों को अपनी सनातन संस्कृति से जोड़ेगा। जिला प्रवक्ता शिवनाथ कपूर ने कहा कि यह निर्णय गीता मनीषी महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के लंबे समय से चल रहे अभियान का परिणाम है। उन्होंने कहा कि गीता का उपदेश आज की युवा पीढ़ी को मानसिक तनाव और अवसाद से मुक्ति दिलाने में सहायक सिद्ध होगा।



### प्राकृतिक खेती से बढ़ेगी आमदनी: डॉ. संजय

**करनाल।** विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में शुक्रवार को 'प्राकृतिक खेती के विस्तार की रणनीतियां' विषय पर चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक डॉ. संजय कुमार ने की। उन्होंने कहा कि रसायनयुक्त खेती से मिट्टी की उर्वरता कम हो रही है जबकि प्राकृतिक खेती से न केवल पर्यावरण बल्कि स्वास्थ्य भी सुरक्षित होता है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. भरत सिंह घनघस ने बताया कि हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के वैज्ञानिकों ने भाग लिया। प्राकृतिक खेती के चार स्तंभ - जीवामृत, बीजामृत, वाफसा और मल्चिंग को विस्तार से समझाया गया। प्रतिभागियों को कुरुक्षेत्र स्थित गुरुकुल संस्थान व प्रगतिशील किसानों के फार्म का भ्रमण भी करवाया गया।



### विधिक सेवा प्राधिकरण की जनसंवाद को लेकर बैठक

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शुक्रवार को विधिक जागरूकता अभियान 'जागृति, साथी, संवाद' के अंतर्गत कार्यशाला और बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी डॉ. इरम हसन ने पैनल अधिवक्ताओं, पैरालीगल वालंटियर्स और मध्यस्थों से संवाद करते हुए उन्हें महिला अधिकार, बाल विवाह, नशा निषेध और मुफ्त विधिक सहायता संबंधी जानकारी को जनहित में प्रसारित करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जल्द ही गांव काछवा में कम्यूनिटी मैडिएशन शुरू किया जाएगा, जिसकी टीम का प्रशिक्षण पंचकूला से पूरा हो चुका है।



### स्कूलों में यातायात नियमों पर जागरूकता शिविर

**करनाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को करनाल के तीन विद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। जीएस मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेलवे रोड, राजकीय माध्यमिक विद्यालय हरसिंहपुरा और संस्कार भारती विद्यालय में आयोजित शिविरों में विद्यार्थियों व शिक्षकों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। शिविरों का संचालन पीएलवी अज्ञा पाल, इंस्पेक्टर रोशन लाल, एसआई सुरेंद्र कुमार व इंस्पेक्टर राजेशलता ने किया। जीटी रोड व हरसिंहपुरा क्षेत्र में चालान ड्राइव भी चलाई गई।

### कर्मचारियों की मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी

**करनाल।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) करनाल कार्यालय परिसर में कर्मचारियों द्वारा जारी धरना शुक्रवार को भी जारी रहा। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता कार्यालय के बाहर एकजुट होकर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की और सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की।प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कर्मचारी नेता हरभजन सिंह, नरेश कुमार, राजेश शर्मा व रमेश टंडन ने कहा कि विभाग में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समय पर पेंशन, चिकित्सा बिल और लंबित भुगतान नहीं मिल रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, स्थानांतरणों में पारदर्शिता न होना, कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी और अधिकारियों की मनमानी पर भी नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज़ किया जाएगा।

# हाईवे पर अनियंत्रित कार दुर्घटनाग्रस्त, 1 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

लिबर्टी के पास हाइवे पर शुक्रवार को सुबह साढ़े चार बजे एक तेज रफ्तार कारअचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। कार में सवार दो महिलाएं और दो बच्चे भी हादसे में घायल हो गए हैं हुए। कार सवार रेवाड़ी से चंडीगढ़ की ओर जा रहा था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम करवाने के लिए करनाल भेज दिया है।

एक परिवार दिल्ली से चंडीगढ़ की ओर जा रहे थे। लिबर्टी के पास एक कार किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो कर पलट गई।जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिसकी पहचान रेवाड़ी के गांव बलंगी निवासी 42 वर्षीय प्रदीप के रूप में हुई है। कार में छह लोग सवार थे, जिनमें दो पुरुष, दो महिलाएं और दो छोटे बच्चे थे। पुलिस के मुताबिक कार को एक व्यक्ति चला रहा था और दूसरा व्यक्ति प्रदीप उसके साथ अगली सीट पर बैठा था। पीछे की सीट पर महिलाएं अपने बच्चों के साथ थीं। हादसे की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग दौड़ते हुए मौके पर पहुंच गए। राहगीरों ने तुरंत घायलों को कार से बाहर निकाला और सूचना पुलिस को दी। गंभीर रूप से घायल ड्राइवर और अन्य घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# जन स्वास्थ्य विभाग में कर्मचारियों का धरना समाप्त, एसडीओ के आश्वासन पर सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

जन स्वास्थ्य विभाग में बीते दो दिनों से अपने लंबित वेतन की मांग को लेकर धरने पर बैठे कच्चे कर्मचारियों का आंदोलन शुक्रवार को समाप्त हो गया। पीडब्ल्यूडी वर्कर्स यूनियन के बैनर तले चल रहा यह धरना विभाग द्वारा कर्मचारियों को एक माह का वेतन तुरंत देने और शेष वेतन 15 दिनों के भीतर दिलवाने के आश्वासन के बाद समाप्त किया गया।

धरने पर बैठे कर्मचारी अपने आठ माह से रुके हुए वेतन को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। शुक्रवार सुबह विभाग के एसडीओ रविंद्र कुमार सैनी स्वयं धरना स्थल पर पहुंचे और कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने कर्मचारी नेताओं को यह आश्वासन दिया कि एक माह का वेतन तुरंत जारी किया जाएगा और शेष वेतन भी अगले पंद्रह दिनों के भीतर दिलवाया जाएगा। इस पर कर्मचारियों ने आपसी चर्चा के बाद धरना समाप्त करने का निर्णय लिया। धरने के दौरान कर्मचारी नेताओं संदीप शर्मा, अंकित राणा और नरेश सैन ने बताया कि विभाग में कार्यरत कच्चे कर्मचारी पिछले लंबे समय से वेतन न मिलने के कारण आर्थिक संकट का सामना कर रहे थे। बार-बार अधिकारियों से गुहार लगाने के बावजूद समाधान न होने पर मजबूरी में धरने का रास्ता अपनाया गया। उन्होंने कहा कि एसडीओ की मध्यस्थता के बाद अब उन्हें राहत मिली है।

वहीं, जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ रविंद्र कुमार सैनी ने बताया कि कर्मचारियों को वेतन संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसे लेकर उन्होंने उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की थी। उसके बाद एक माह का वेतन जारी कर दिया गया है और शेष वेतन भी शीघ्र ही दिलाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और भविष्य में इस तरह की स्थिति न उत्पन्न हो, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। धरना समाप्त होने के बाद कर्मचारियों में संतोष देखा गया।



घरौंडा। एसडीओ रविंद्र कुमार सैनी से बात करते कर्मचारी।



घरौंडा। धरनास्थल पर मौजूद कर्मचारी।

# करनाल में पासपोर्ट फर्जीवाड़े का बड़ा खुलासा

## बर्खास्त कांस्टेबल ने गैंगस्टर के लिए बनवाया पासपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल।

कोशल चौधरी गिरोह से जुड़े कुख्यात बदमाश सौहार्द उर्फ शिवम के फर्जी पासपोर्ट मामले में करनाल पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस पूरे मामले में चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ कि शिवम की मदद कर रहा व्यक्ति कोई और नहीं, बल्कि करनाल पुलिस का बर्खास्त कांस्टेबल श्याम सुंदर निकला। उसने अपने घर के पते पर शिवम का पासपोर्ट बनवाया और पुलिस विभाग के एक कर्मचारी की मदद से उसका वेरिफिकेशन भी करवा डाला।सूत्रों के अनुसार, बर्खास्त कांस्टेबल श्याम सुंदर और गैंगस्टर शिवम की मुलाकात देहरादून जेल में हुई थी, जहां श्याम सुंदर 2023 में धोखाधड़ी के एक केस में बंद था। वहीं से दोनों की पहचान गहराई और बाद में सौहार्द ने उसे लालच दिया कि वह उसके बेटे को विदेश भेजेगा। इसी लालच में आकर श्याम सुंदर ने शिवम को अपना पता दिया और पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया को पूरा करवा दिया। पासपोर्ट तैयार होने के बाद भी जब कांस्टेबल का बेटा विदेश नहीं जा पाया तो मामला खुलता चला गया। श्याम सुंदर ने पासपोर्ट अपने पास ही रख लिया। अब पुलिस इस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में लगी हुई है।

पुलिस के अनुसार, 27 जून को कुशकक्षेत्र में हुए एक मामले में सौहार्द ने अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध हथियारों से फायरिंग की थी। बाद में वह हरियाणा से फरार होकर पंजाब भाग गया था।

### कौन है श्याम सुंदर

श्याम सुंदर, करनाल की मंगल कॉलोनी का निवासी है। वह 2004 में हरियाणा पुलिस में कांस्टेबल के पद पर भर्ती हुआ था। 2007 में उसे एक मामले में बर्खास्त कर दिया गया। इसके बाद 2023 में धोखाधड़ी के एक अन्य केस में देहरादून जेल भेजा गया, जहां उसकी मुलाकात गैंगस्टर सौहार्द से हुई। यहीं दोनों के बीच फर्जी पासपोर्ट की साजिश रची गई।

### गैंगस्टर सौहार्द पर पहले से दर्ज हैं 16 आपराधिक मामले

यमुनानगर निवासी सौहार्द उर्फ शिवम पर पहले से ही 16 आपराधिक केस दर्ज हैं। वह कुख्यात अपराधी कौशल चौधरी गैंग से जुड़ा हुआ है और उसके खिलाफ हत्या, लूट, अवैध हथियार रखने जैसे गंभीर आरोप हैं। हाल ही में पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के समय एक विदेशी पिस्टल और कारतूस बरामद किए थे।



करनाल। जानकारी देते बैंक प्रबंधन के अधिकारी।

### पीएनबी का मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

**करनाल।** पंजाब नेशनल बैंक, मंडल कार्यालय करनाल द्वारा आज सेक्टर-12 स्थित शाखा परिसर में मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम ग्राहकों को बैंक की विभिन्न खुदरा ऋण योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें बैंकिंग सेवाओं से जोडना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्राहकों को एजुकेशन लोन, हाउसिंग लोन, कार लोन, प्रॉपर्टी लोन एवं अन्य रिटेल लोन स्कीमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैंक अधिकारियों ने प्रत्येक योजना की पात्रता, ब्याज दरें, दस्तावेज़ीकरण और प्रक्रिया से संबंधित जानकारी साझा की। ये रही कार्यक्रम की मुख्य उपलब्धियां कार्यक्रम में 160 ऋण आवेदनों के माध्यम से लगभग 35 करोड़ के लोन प्रस्ताव प्राप्त हुए। मौके पर ही पात्र ग्राहकों को 4 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र (सैंक्शन लेटर) प्रदान किए गए। इस अवसर पर समता हुंडई करनाल से डायरेक्टर भानु खेतरपाल ने कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत की और बैंक के सहयोग से ग्राहकों को बेहतर वाहन खरीद सुविधा उपलब्ध करवाने पर चर्चा की।

**विकास** | सफाई सर्वेक्षण में देश में करनाल को तीसरा और घरौंडा को जिला में पहला स्थान मिलने पर बधाई दी

# विधानसभा अध्यक्ष ने घरौंडा को दी सवा करोड़ की दो विकास परियोजनाओं की सौगात

- भोला कालोनी में 31 लाख 20 हजार की लागत से बनने वाले सामुदायिक केंद्र और 69 लाख में नगरपालिका घरौंडा के अधीन बनने वाले रास्ते का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| घरौंडा

\हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शुक्रवार को घरौंडा हलके में सवा करोड़ की दो विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। घरौंडा के वार्ड-6 में भोला कॉलोनी में 31 लाख 20 हजार की लागत से बनने वाला सामुदायिक केंद्र और 69 लाख 8 हजार की लागत से नगरपालिका क्षेत्र के अधीन घरौंडा से बसताड़ा रोड से तेलू राम डेरा तक बनाए जाने वाला तीन हजार फुटे लंबे राजस्व रास्ते के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने सफाई सर्वेक्षण में देश में करनाल को तीसरा, सोनीपत को 38 वां और घरौंडा को जिला में पहला स्थान मिलने पर सभी आमजन को बधाई दी। साथ ही भविष्य में भी घर और आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाए रखने और सफाई को आदत में शुमार करने की अपील की।

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने नगरपालिका घरौंडा के अधीन पड़ने वाले क्षेत्र घरौंडा से बसताड़ा रोड से तेलू राम डेरा तक राजस्व रास्ते के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। पेवर ब्लाक से बनाए जाने वाले तीन हजार फुट लंबे इस रास्ते के निर्माण पर 69.08 लाख रुपये खर्च होंगे। रास्ते की चौड़ाई 16.5 फुट है। इसे नगरपालिका घरौंडा द्वारा बनवाया जा रहा है। निर्माण कार्य छह महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद उन्होंने घरौंडा के वार्ड-6 की भोला कॉलोनी में सामुदायिक केंद्र के हॉल का शिलान्यास किया। इस पर 31.20 लाख रुपये की लागत आएगी। हॉल 44 फुट लंबा और 40 फुट चौड़ा बनेगा। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि हॉल की मांग काफी पुरानी थी जो अब पूरी होने जा रही है। स्थान निश्चित न होने के कारण इसमें कुछ देरी जरूर हुई। उन्होंने अधिकारियों को हॉल को हवादार, पर्याप्त ऊंचाई वाला व अन्य मूल सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए कहा है। भविष्य में जरूरत अनुसार नई मंजिलें बनाकर इसका विस्तार किया जाएगा। उन्होंने सफाई सर्वेक्षण में करनाल को देश में तीसरा और घरौंडा को जिला में प्रथम स्थान पाने पर नगर पालिका की पूरी टीम, चेयरमैन, पार्षदों अधिकारियों, कर्मचारी, लोगों और सफाई




घरौंडा। विकास योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करते विधानसभा अध्यक्ष।

### सबका साथ-सबका विकास का दिया मूल मंत्र

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि पिछले दस सालों में हलके में लड़कियों का कॉलेज, स्कूल, एसडीएम कार्यालय की स्थापना, बस अड्डे का निर्माण, पार्क, आईटीआई, लाईन पार के गांवों के लिए रास्ते का निर्माण, मीडिया सेंटर, 17 स्कूलों का अपग्रेडेशन, गंदे नाले का बाईपास को रूप, मंडी में कंकरीट की सड़कों का निर्माण जैसे अनेक कार्य कराए गए हैं। मेडिकल यूनिवर्सिटी और रिंग रोड का निर्माण कार्य जारी है। सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र पर चलते हुए आगे भी हलके को तरक्की की नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। शहर को और खूबसूरत बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि घरौंडा उनका परिवार है और हमेशा रहेगा।

## खबर संक्षेप

### राशन कार्ड को अप्रूव करवाएं

**पानीपत।** जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी कुमारी नीतू ने बताया कि जिला पानीपत में एईपीडीएस पोर्टल पर 55 प्रतिशत राशन कार्ड धारकों की ईकेवाईसी अप्रूव नहीं हुई है। जिस बारे क्षेत्रीय अमले द्वारा डिपो धारको के माध्यम से कार्डधारको को अनेको बार सूचित कर दिया गया है परन्तु आमजन फिर भी 55 प्रतिशत लाभार्थी ईकेवाईसी नहीं करवा रहे हैं। वहीं कार्ड धारकों को राशन डिपो पर जाकर ईकेवाईसी करवाना अति आवश्यक है।

### डांस कंपटीशन रविवार को

**पानीपत।** सूर्य कवि दादा लख्मीचंद की जयंती पर हरियाणवीं लोक कला एवं संस्कृति के प्रचार प्रसार को समर्पित दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट की तरफ से रविवार को एसडी कॉलेज में रविवार को प्रदेश स्तरीय जोड़ी नंबर वन डांस कंपटीशन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सूर्य कवि दादा लख्मीचंद की जयंती के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र गर्ग ने दी।

### वरिष्ठ वकील यशपाल नहीं रहे

**पानीपत।** पानीपत की कचहरी में साठ सालों तक वकालत करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता यशपाल अग्रवाल का निधन हो गया। यशपाल अपनी ईमानदारी और आक्रामकता के लिए विख्यात थे। उन्हें वकालत का पेशा अपने पिता धर्म सिंह अग्रवाल अधिवक्ता से विरासत में प्राप्त हुआ था।

### सुरेंद्र को प्रधान महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई

**पानीपत।** इनेलो के जिला अध्यक्ष कुलदीप राठी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.अभय चौटाला व प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा से विचार विमर्श कर शमशेर देशवाल को पानीपत ग्रामीण हलके का अध्यक्ष नियुक्त किया है। जबकि वरिष्ठ उप प्रधान विकास मलिक, उप प्रधान चांद सिंह सुदामा सैनी, गुरमीत सिंह, संदीप, सुरेंद्र सेन, नरेंद्र कादियान, सनी बत्रा, बिंदर को बनाया गया। वहीं सुरेंद्र बांगड़ को प्रधान महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### दलित विरोधी है भाजपा

**पानीपत।** दलित अधिकार मंच जिला की विस्तारित मीटिंग कर्मबीर काबड़ी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मंच के जिला प्रभारी ओमप्रकाश सिंहमार अखिल भारतीय खेत मजदूर राज्य संयुक्त सचिव राजेंद्र, जिला उपाध्यक्ष ओमपाल, अंग्रेज सिंह, रोहतास बापौली, सीटू सचिव सुनील दत्त, किसान सभा जिला अध्यक्ष डॉ.सुरेन्द्र, राजपाल, प्रेम चौकीदार, मनीषा, एसकेएस नेता जोगिंद्र भोला, प्रदीप भोला आदि उपस्थित रहे। सभी ने भाजपा को दलित विरोधी करार दिया।

### जिज्ञासा प्रमाण पत्र बांटे

**पानीपत।** पानीपत के गांव राजाखेड़ी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रातःकालीन सभा के दौरान प्रधानाचार्या सुमित्रा सांगवान द्वारा छात्रों को जिज्ञासा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिज्ञासा कार्यक्रम अगस्त्य इन्टरनेशनल फाऊंडेशन द्वारा विज्ञान के मॉडल बनानें व प्रदर्शन करने के लिये आयोजित किया गया था। छात्र भारत और अरशद को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और प्रस्तुतियों के लिए सम्मानित किया गया।

### बापौली गांव में डीसी, एसपी, एसडीएम ने आर्य समाज मंदिर का निरीक्षण किया

# यज्ञ करते हुए आर्य समाजियों को पीटने के मामले ने तूल पकड़ा

- आर्य समाज मंदिर को रिकार्ड के अनुसार रिर्पोट बनाकर पेश करने के आदेश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के गांव बापौली के आर्य समाज मन्दिर घटना प्रकरण को यज्ञ करते हुए आर्य समाजियों को पीटने के मामले ने तूल पकड़ा लिया है। उपायुक्त डा.वीरेंद्र दहिया पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार ने बीडीपीओ बापौली शक्ति सिंह, नायब तहसीलदार सौरभ शर्मा के साथ निरीक्षण किया। वहीं आर्य समाज मंदिर को रिकार्ड के अनुसार रिर्पोट बनाकर पेश करने के आदेश दिए। उपायुक्त ने बताया कि उच्चाधिकारियों द्वारा रिर्पोट मांगी गई है। जिसे शुक्रवार शाम तक सरकार के पास भेजना है। वहीं घटना स्थल पर इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण भी पहुंच गए। हालांकि किसी ने भी डीसी व एसपी से उक्त मामले को लेकर कोई बात नहीं की। इस अवसर पर कानूनगो नरेश कुमार, पंचायत अधिकारी परजान मेहरा, पूर्व कार्यकारी पंचायत अधिकारी प्रमोद शर्मा, ग्राम सचिव राकेश कुमार व पवन शर्मा आदि मौजूद रहे।



पानीपत। आर्य समाज मंदिर का निरीक्षण करते डीसी, एसपी, आदि अधिकारी। फोटोः हरिभूमि



समालखा। नगर पालिक सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए रोहित लाहोट आदि।

# बरसाती पानी का संरक्षण जरूरीः लाहोट

- वार्ड आठ में रेनी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने को ज्ञापन सौंपा

**समालखा।** समालखा नगर पालिक के वार्ड आठ की संघर्ष समिति ने शुक्रवार को सचिव नगर पालिका को रेनी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए मांगपत्र सौंपा है। संघर्ष समिति के संयोजक रोहित लाहोट ने बताया की हल्की बारिश के समय में भी वार्ड आठ व ब्लू जे रोड पर बारिश के पानी निकासी ना होने की वजह से सड़क पर एकत्रित हो जाता है। जिसकी वजह से पानी घरों में घुसने लगता है और आम आदमी का जनजीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। यहां तक की हादसे होने का भी डर बना रहता है। जिसके समाधान हेतु शुक्रवार को सचिव नगर पालिका को ज्ञापन देकर वार्ड आठ में रेनी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की मांग की गई। वहीं, वाल्मीकि चौपाल के साथ लगती नाली में अंडरग्राउंड पाइप को उखाडने की मांग की। इस अवसर पर वार्ड आठ वाल्मीकि समिति के प्रधान मुकेश लाहोट, पूर्ण दहिया, राजेश उर्फ राजू, ईश्वर कुहाड़, अन्नू लाहोट व विनोद लाहोट आदि शामिल रहे।

## प्रकृति का दूसरा नाम अल्लाह है : रावल

- पर्यावरण जितना घना होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी, अरब देशों का दौरा करने पर पता चलेगा पर्यावरण का मानव जीवन में महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा



समालखा। पौधे रोपते हुए वाइस चेयरमैन हरियाणा पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद अफसर रावल।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शुक्रवार समालखा के कब्रिस्तान में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यातिथि वाइस चेयरमैन हरियाणा पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद अफसर रावल ने पौधरोपण किया। अफसर रावल ने कहा प्रकृति का दूसरा नाम अल्लाह है। अल्लाह द्वारा प्रदत प्रकृति को संरक्षित करना भी अल्लाह की भक्ति है। यदि हम ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएंगे तो इससे प्रकृति का संरक्षण भी होगा और अल्लाह भी खुश होंगे। उन्होंने कहा कि अरब देशों का दौरा करने पर नागरिकों को प्रकृति, पेड़ पौधों के महत्व का पता चलेगा। इसके मद्देनजर हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह पर्यावरण को बढ़ावा दें। पर्यावरण जितना अधिक होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी। इसके मद्देनजर हर नागरिक को बरसात के मौसम में पौधे रोपने चाहिए और उनकी जवान होने तक देखाभल करनी चाहिए। इस अवसर पर हाफिज हारून, दिलशाद, शेरदीन, हाशिम, आशु, आरिश व सर्वर आदि मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुडे हर परिवार : नीतू

हरिभूमि न्यूज पानीपत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के साथ देश के हर व्यक्ति को जुडकर पौधरोपण करना चाहिए। यह शब्द जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक नीतू जांगड़ा ने वैदिक परिवार द्वारा सेक्टर 25 के महर्षि दयानंद पार्क में बुजुर्गों के सम्मान में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में कहे। उन्होंने कहा कि न केवल हर व्यक्ति पौधे लगाए अपितु बड़ा वृक्ष बनने तक उनका संरक्षण भी करे। उन्होंने कहा कि वाहनों की संख्या बढने, औद्योगिक विकास के कारण ग्लोबल वार्मिंग में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। जिसके कारण मौसम में भी परिवर्तन देखने को मिलता है। इन सबका ईलाज ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण है। नीतू जांगड़ा ने कहा ईश्वर द्वारा प्रदत प्रकृति को संरक्षित करना भी ईश्वर भक्ति है। इसलिए हम सभी को अपने जन्मदिन, अपने माता-पिता की याद में या अन्य मौके पर पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसका संरक्षण भी करना चाहिए। वैदिक परिवार के प्रधान डॉ.पवन बंसल ने कहा कि वैदिक परिवार ईश्वर की आज्ञा से प्रति वर्ष यज्ञों के साथ-साथ पौधरोपण के माध्यम से प्रकृति का संरक्षण कर रहा है। कार्यक्रम में 25 बुजुर्ग दंपत्तियों ने अपने परिवार के साथ पौधरोपण किया। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख एवं वैदिक परिवार के सचिव डॉ.राजवीर आर्य, राजीव सचदेवा, अशोक अरोड़ा, राजेश सैनी, शिव कुमार आर्य, सत्यनारायण कंसल, प्रवीण कंसल, विजय गुलाटी, राम अवतार गोयल, धर्मपाल जुनेजा, विनोद मंगला, बलराज सैनी, अशोक मल्होत्रा, अमित खुरसीजा, अशोक चुघ व भोला बत्रा, निर्मल आर्य व सीमा सचदेवा आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। महर्षि दयानंद पार्क में पौधरोपण करते हुए डीएफएससी नीतू जांगड़ा, डॉ. राजवीर आर्य आदि। फोटोः हरिभूमि



पानीपत। सीबीएसई नार्थ ज़ोन-टू आर्चरी चैम्पियनशिप के विजेता तीरंदाज।

### पानीपत के तीरंदाजों ने सीबीएसई नार्थ जोन में गोल्ड जीता

**पानीपत।** सोनीपत स्थित पुरन मूर्ति ग्लोबल स्कूल में आयोजित सीबीएसई नार्थ जोन-टू आर्चरी चैम्पियनशिप में उत्तर भारत के जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ सहित लगभग 1,400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस खेल प्रतियोगित में पानीपत की एनवी आर्चरी एकेडमी के अंडर-17 कंपाउंड टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आह्वान जूड, वंश ग्रोवर, परीक्षित ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, यांशु का राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुआ। पानीपत जिला के तीरंदाजी कोच नगेश्वर वशिष्ठ ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए दावा किया कि वे दिन दूर नहीं है जब पानीपत से इंटरनेशल लेबल के तीरंदाज निकलेंगे। इसके लिए जमीनी स्तर पर प्रयास जारी है।

## सीबीएसई क्लस्टर में छाई सर छोटूराम स्कूल की बास्केटबॉल टीम

हरिभूमि न्यूज पानीपत



पानीपत। सर छोटूराम हेरिटेज स्कूल की विजेता टीम प्रधानाचार्या सुनीता मान के साथ। फोटोः हरिभूमि

सर छोटूराम हैरिटेज विद्यालय विकास नगर के उन होनहार विद्यार्थियों को शुक्रवार को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया। जिन्होंने मध्य प्रदेश में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व जिले का नाम गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि विद्यालय की बालिका बास्केटबॉल टीम ने अर्जित की। प्रधानाचार्या सुनीता मान ने बताया कि विद्यालय में खेल नर्सरी एवं उत्तम कोचिंग की सुविधाओं के चलते विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना रहे हैं। विद्यालय की पूर्व छात्रा अंजू शर्मा भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम में चयनित होकर जर्मनी में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। वहीं विजेता टीम में कप्तान साक्षी, वाइस कैप्टन नवनीत, लवन्या, अन्नु, हिमानी, रिद्धि-सिद्धि, अंकिता, अवनी, रूपल, संजू शामिल रही। सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### परीक्षार्थियों की बस सेवा फ्री

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया बताया कि राज्य सरकार द्वारा सीईटी परीक्षा में शामिल होने जा रहे अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 26 एवं 27 जुलाई को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए हरियाणा रोडवेज की ओर से निःशुल्क बस सेवा प्रदान की जाएगी। यह सेवा अभ्यर्थियों को उनके नजदीकी जिला स्तरीय बस अड्डे से परीक्षा केंद्र तक पहुँचने और वापसी हेतु उपलब्ध करवाई जाएगी।

## जनता की निष्काम सेवा करें अफसरः विजेंद्र



पानीपत। जिला सचिवालय में बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया।

**पानीपत।** युवा एवं सशक्तिकरण उद्यमिता विभाग हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजेंद्र कुमार ने शुक्रवार को पानीपत के उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविर में दर्ज समस्याओं के निस्तारण को लेकर समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में कुमार ने निर्देश दिए की अधिकारी जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका निराकरण करें। जिन समस्याओ का निस्तार हो चुका है उनकी रिपोर्ट तैयार करके अति शीघ्रता से भेजें। समीक्षा बैठक में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जिले में चार शिकायतें ऐसी है जिनका समाधान होना है। उन पर तेजी से कार्य हो रहा है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निश्चित समय अवधि में नागरिकों की समस्याओं का समाधान करें।

### सद्भावी व सादा जीवन यापन करें नागरिकः उपेंद्र मुनि



पंडित रतन शास्त्री उपेंद्र मुनि।

**समालखा।** पंडित रतन शास्त्री उपेंद्र मुनि ने कहा कि मनुष्य हर वस्तु को मेरी मेरी कहता है परंतु मनुष्य यह नहीं सोचता की मृत्यु के महा मार्ग पर तुझे अकेला ही चलना होगा। यहां कोई स्थाई नहीं है, कोई वस्तु उसकी सफाई नहीं है। उपेंद्र मुनि शुक्रवार को शहर की नई जेंट्स स्थानक में चातुरमास के दौरान प्रवचन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसार में विदाई के वक्त मनुष्य की जुबान पर यह गीत होता है अकेला आए अकेला जाए फिर भी इंसान मेरा मेरी करता रहता है। वहीं, इंसान को मेरा मेरी ना करते हुए दान पुण्य धार्मिक कर्म करते हुए सादगी में अपना जीवन यापन करना चाहिए। इस अवसर पर एसएस जैन सभा के प्रधान वीर प्रकाश जैन, अश्विनी जैन, पवन जैन, संजय जैन, प्रमोद जैन, धर्मपाल, शिवकुमार, अशोक, वकील जैन, त्रिलोक जैन, मुनीराम जैन, जितेंद्र जैन समेत बडी संख्या में पुरूष व महिला श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पंडित रतन शास्त्री उपेंद्र मुनि से आशीर्वाद लिया।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**
**श्री अनिल कुमार पुत्र स्व. श्री गुरदियाल निवासी मकान नम्बर 31, वार्ड नम्बर 9, तहसील व जिला पानीपत।**

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि अनिल कुमार पुत्र स्व. श्री गुरदियाल निवासी मकान नम्बर 31, वार्ड नम्बर 9, तहसील व जिला पानीपत ने दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता लेट श्री गुरदियाल पुत्र श्री राम किशन की दिनांक 16/08/2012 को मृत्यु हो चुकी है व प्रार्थी की दादी श्रीमति हुकम देवी की मृत्यु काफी अरसे पहले हो चुकी है। यह कि प्रार्थी के पिता लेट श्री गुरदियाल पुत्र श्री राम किशन की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस हैं 1. शीला रानी विधवा 2. लीशा रानी पुत्री 3. रमेश कुमार 4. अनिल कुमार पुत्रगण लेट श्री गुरदियाल पुत्र श्री राम किशन के कुल 4 वारिस हैं। अन्य कोई वारिस नहीं हैं व वारसान को तसदीक द्वारा श्री सुखविन्द्र कौर निगम पार्षद, व पटवारी हल्का पानीपत दिनांक 06/03/2013 द्वारा भी अपनी रिर्पोट में इन्हीं वारसन की तसदीक की गई है:-
1. शीला रानी विधवा 2. लीशा रानी पुत्री 3. रमेश कुमार 4. अनिल कुमार पुत्रगण लेट श्री गुरदियाल पुत्र श्री राम किशन के कुल 4 वारिस हैं।
इनके इलावा अन्य कोई वारिस/ उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/ उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/ अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 3.7.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायाल्य की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब रजिस्ट्रार पानीपत

**विजय प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री दाता राम पुत्र श्री नानूमल निवासी मकान नम्बर 23, सैक्टर 12, हुडा पानीपत।**

बनाम

जनरल पब्लिक

**अधीन धारा 40-41 रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत मरणोपरान्त वसीयतनामा पंजीकृत करने बारे नोटिस**

हम आम व खास को सूचित किया जाता है कि राज रानी गुप्ता धर्मपत्नी श्री विजय प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री दाता राम पुत्र श्री नानूमल निवासी मकान नम्बर 23, सैक्टर 12, हुडा पानीपत ने एक अनरजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 05.02.2017 को अपनी सम्पति की बाबत अपने पति विजय प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री दाता राम के पक्ष में करवाई थी जिसको मरणोपरान्त पंजीकृत करवाने के लिये प्रार्थी ने मेरे कार्यालय में प्रस्तुत की है। वसीयतकर्ता श्रीमति राज रानी गुप्ता जी की दिनांक 17-02-2024 को मृत्यु हो चुकी है। इसलिए इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वसीयत पंजीकरण होने पर किसी भी व्यक्ति को या वारिस को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में असालतन या वकालतन या कार्यालय की Email ID.tehsildar.panipat@hry.nic.in के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अंदर-2 मेरे कार्यालय में पेश कर सकते है। बाद गुजरने मियाद उक्त वसीयत नियमानुसार पंजीकृत कर दी जावेगी।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 18.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत।

**सुरजीत कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द्र निवासी मकान नम्बर 211-आर, भगत नगर, पानीपत।**

बनाम

जनरल पब्लिक

**अधीन धारा 40-41 रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत मरणोपरान्त वसीयतनामा पंजीकृत करने बारे नोटिस**

हम आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमति निर्मला रानी धर्मपत्नी रमेश चन्द्र पुत्र श्री सोहन लाल निवासी मकान नम्बर 211-आर, भगत नगर, पानीपत ने एक अनरजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 08-01-2019 को अपनी सम्पति की बाबत अपने पुत्र सुरजीत कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द्र पुत्र श्री सोहन लाल के पक्ष में करवाई थी जिसको मरणोपरान्त पंजीकृत करवाने के लिये प्रार्थी ने मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत की है। वसीयतकर्ता श्रीमति निर्मला रानी जी की दिनांक 06-03-2019 को मृत्यु हो चुकी है। इसलिए इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वसीयत पंजीकरण होने पर किसी भी व्यक्ति को या वारिस को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में असालतन या वकालतन या कार्यालय की Email ID: tehsildar.panipat@hry.nic.in के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अंदर-2 मेरे कार्यालय में पेश कर सकते हैं। बाद गुजरने मियाद उक्त वसीयत नियमानुसार पंजीकृत कर दी जावेगी। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 18/7/25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

गौरांश गोयल पुत्र श्री देवेन्द्र कुमार गोयल निवासी मकान नम्बर 26, ढींगड़ा कालोनी, शान्ती नगर, पानीपत

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि गौरांश गोयल पुत्र श्री देवेन्द्र कुमार गोयल निवासी मकान नम्बर 26, ढींगड़ा कालोनी, शान्ती नगर, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता श्री देवेन्द्र कुमार गोयल पुत्र श्री बेली राम दिनांक 07-09-2024 को स्वर्गवास हो चुके हैं। प्रार्थी की दादी मावा देवी प्रार्थी के पिता से काफी अरसे पहले स्वर्गवास हो चुकी है। मृतक स्वर्गीय देवेन्द्र कुमार गोयल के देहान्त के बाद उनके निम्न वारिस हैं 1- भावना पत्नी 2- हर्ष गोयल पुत्र 3- गौरांश गोयल पुत्र है। श्रीमती कुसुम भट पार्षद वार्ड नम्बर 26 व लेखराज पटवारी हल्का द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में निम्न वारसान की तसदीक की गई है।
इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 18.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

### आईआईटी गांधीनगर के प्रो. मनीष ने पाइट के शिक्षकों व छात्रों का मार्ग दर्शन किया

# अंकों के पीछे मत भागो, ज्ञानी बनोः डॉ. जैन

हरिभूमि न्यूज समालखा



पानीपत। आइआइटी गांधीनगर के प्रो. डॉ.मनीष जैन को सम्मानित करते हुए पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल।

परीक्षा में प्राप्त किए नंबर मायने नहीं रखते, जिदंगी में आप कितने सफल हैं, ये मायने रखता है। जब आप कुछ प्रयोग करेंगे तो आपको आनंद आने लगेगा। जिस काम में आनंद आने लगता है, उसमें आप निश्चित ही सफल होते हैं। यह बात आईआईटी गांधीनगर से आए प्रोफेसर डॉ.मनीष जैन ने कही। वह यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में लीड वर्कशॉप में विद्यार्थियों और शिक्षकों से रूबरू थे। डॉ.मनीष जैन ने कहा कि एआइ के माध्यम से आप सही उत्तर हासिल कर लोगे। वहीं, जब तक आप ये नहीं सोचोगे कि ये ही सही उत्तर क्यों है, क्या केवल एक ही उत्तर है, ये उत्तर आया कैसे, तब तक आप कोई नया प्रयोग नहीं कर पाओगे। नई चीजों के बारे में सोचें। मैं क्या और कैसे कुछ नया बना सकता हूं, इसके बारे में दिमाग लगाएं। शिक्षक ये सोचें कि विद्यार्थियों को क्लास में कैसे बेहतर पढ़ाना है। उनकी रूचि कैसे बढ़ानी है। आर्टिफिशल इंटेलीजेंस यानी एआइ के इस दौर में बच्चों को पढ़ाना बेहद मुश्किल टास्क है। बच्चे शारीरिक रूप से तो क्लास में होते हैं लेकिन मानसिक रूप से कहीं और होते हैं। जब तक बच्चों में पढ़ने की रूचि नहीं जगाई जाएगी, तब तक उन्हें पढ़ाया नहीं जा सकता। बच्चों को पढ़ने में आनंद आना चाहिए। शिक्षक के सामने बेहद चुनौतियां हैं। अब प्रयोग दिखाकर, नई सोच विकसित करके ही आगे बढ़ा जा सकता है। पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने विद्यार्थियों से कहा कि अपने शिक्षकों का सम्मान करें। हमेशा सीखते रहें। क्योंकि जब सीखना बंद कर देते हैं, तभी आगे का रास्ता भी बंद हो जाता है। वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि एआइ के बावजूद रोजगार कम नहीं होंगे। साइबर सिक्योरिटी विभाग की अध्यक्ष डॉ.शक्ति अरोड़ा, पिनकैप के सीईओ अमितपांडेय, मोटीवेटर राजीव गुलाटी, माइक्रोसॉफ्ट से अरुण डुडेजा, विकास नैन, टेक्नीकल आर्किटेक्ट अरुण गंभीर ने प्रेरित किया। इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डॉ.बीबी शर्मा भी मौजूद रहे।

### ब्लॉक समिति अध्यक्ष व सरपंच आमने सामने

**इसराना।** पानीपत के गांव सींक में विकास कार्यों की जांच को लेकर विवाद गहरा गया है। ब्लॉक समिति अध्यक्ष हरपाल मलिक के नेतृत्व में ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल एसडीएम इसराना नवदीप सिंह नैन से मिला। एसडीएम नैन ने मामले को जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी के अधिकार क्षेत्र में बताया। इधर, ब्लॉक समिति अध्यक्ष हरपाल ने प्रेसवार्ता में कहा कि सरपंच ने गांव में कराए विकास कार्यों का कोई हिसाब नहीं दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरपंच नीलम मनमाने तरीके से विकास कार्य करवा रही हैं। दूसरी ओर गांव की सरपंच नीलम ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि विकास कार्य पूरी ईमानदारी से किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### महिला की बाली झपट ले गया बाइक सवार

**अंबाला।** अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल के बाहर ऑटो में बैठी मंडोर गांव की सुमन की शुक्रवार बाइक सवार युवक बाली झपट ले गया। शातिर झपटमार ने दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दिया। भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। महिला की सूचना के बाद डायल 112 की टीम व बलदेव नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित सुमन ने बताया कि वह सुबह के समय पेट में दर्द होने के कारण अस्पताल पहुंची थी। दवाई लेने के बाद वह स्कैन करवाने के लिए जा रही थी। अभी अस्पताल के गेट के पास ही ऑटो में बैठने लगी तो पहले से घात लगाए बाइक सवार ने पास से गुजरते समय झपटा मार लिया। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कर्मचारियों ने पांचवें दिन भी किया प्रदर्शन

**अंबाला।** अंबाला छावनी की सब डिविजन नंबर 2 में एचएसईबी वर्कर यूनियन के आह्वान पर गुरविंदर लिपिक के निलंबन के विरोध में लगातार पांचवें दिन 2 घंटे का धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरने की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान बलवंत यादव ने की और मंच का संचालन सब यूनिट सचिव गुरमीत सिंह ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनिट प्रधान सतबीर देसवाल ने कहा कल शाम को एसडीओ नंबर 2 द्वारा सब यूनिट को इस मसले पर बातचीत के लिए बुलाया गया था। एसडीओ से बैठक के लिए सब यूनिट के पदाधिकारी गएलेकिन एसडीओ द्वारा समस्या का हल निकालने के बजाए धरने को असंवैधानिक बताया गया।

### टांगरी नदी के पास मिला युवक का शव

**अंबाला।** महेश नगर सी लाल अस्पताल के निकट टांगरी बांध किनारे रायवाली गांव के 33 वर्षीय नरेंद्र सिंह का शव मिला। नरेंद्र अपने घर से हरिद्वार जाने के लिए बुलेट लेकर निकाला था। फिलहाल मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। महेश नगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जतिंद्र ने बताया कि मृतक का अंबाला सिटी के नागरिक अस्पताल में फोरेंसिक एक्सपर्ट से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के बयान पर कार्रवाई अमल में लाई गई है। युवक नशे का आदि था। अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन करता था। प्राथमिक जांच में नशा ही मौत का कारण लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

### शिकायतों के समाधान को लेकर समीक्षा बैठक

**अंबाला।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला में प्रत्येक सोमवार और वीरवार को आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय स्थित सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इससे पहले चंडीगढ़ से वीसी के माध्यम से राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक हुई, जिसमें समाधान शिविरों में शिकायतों को प्राथमिकता से त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### एपीटी एप्लीकेशन होगी लांचः विजय

**अंबाला।** प्रवर अधीक्षक डाकघर अंबाला मंडल विजय कुमार ने से बताया कि डाक विभाग द्वारा एपीटी एप्लिकेशन लांच की जा रही है। यह डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में हमारी यात्रा में एक बड़ा कदम है। इस परिवर्तनकारी पहल के तहत उन्नत प्रणाली को 22 जुलाई 2025 को अंबाला कैंट, बराड़ा, बिहटा, मुलाना, केसरी, साहा, धीन, अधोया, माजरी क्षेत्र के सभी डाकघरों में लागू किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

# 20 मालिकों से होगी 7 करोड़ के टैक्स की वसूली, बर्फखाना जमीन का 1.10 करोड़ बकाया

- नगर परिषद की ओर से खाली खजाने को भरने के लिए चल रही है कार्रवाई, प्रॉपटी मालिकों के खंगाले जा रहे हैं दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




नगर परिषद के खाली खजाने को भरने के लिए अधिकारियों ने कसरत शुरू कर दी है। अब अधिकारियों की उन प्रॉपर्टी मालिकों के दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है जिनकी ओर मोटा टैक्स बकाया है। जांच के दौरान इसमें बर्फखाना की विवादित प्रॉपर्टी भी शामिल है। उसके मालिकों की ओर नगर परिषद का 1.10 करोड़ का टैक्स बकाया है। अब ऐसे मालिकों को नप की ओर से नोटिस देने की कार्रवाई चल रही है। अधिकारियों की मानें तो टैक्स का भुगतान न करने वाले मालिकों की प्रॉपर्टी को सीज किया जाएगा। जांच के दौरान यह भी पता है कि अंबाला छावनी की न्यू जनकपुरी स्थित एक प्रॉपर्टी की ओर भी 1.24 करोड़ रुपए का टैक्स बकाया है।

### इन लोगों ने नहीं चुकाया टैक्स, प्रभु प्रेम पुरम आश्रम ब्लाक- ए का 99 लाख बकाया

नप की ओर से ऐसे बकायादारों की सूची तैयार की गई है जोकि सालों से टैक्स का भुगतान नहीं कर पाए हैं। इनमें शंकर पार्क का करीब 95 लाख रुपए, ओल्ड एरिया लाल कुर्ती का करीब 65 लाख रुपए, ओल्ड एरिया गांधी मार्केट का 70 लाख रुपए, ओल्ड एरिया ईदगाह रोड का 41 लाख रुपए, ओल्ड एरिया राय मार्केट की एक प्रापर्टी का 35 लाख रुपए टैक्स बकाया है। इसी तरह ओल्ड एरिया राय मार्केट की एक अन्य प्रॉपर्टी का 38 लाख रुपए, मोहन नगर पार्ट एक का 36 लाख रुपए, ओल्ड एरिया राय मार्केट की एक प्रॉपर्टी का 22 लाख रुपए, प्रभु प्रेम पुरम का 23 लाख रुपए, कुलदीप व देवी लाल नगर का 14 लाख रुपए, अमन नगर पार्ट वन का 12 लाख रुपए, गांव सरसेहड़ी आउटर पार्ट टू का 12 लाख रुपए, ग्रीन पार्क नगर एरिया का 19 लाख रुपए, राजेंद्र नगर पार्ट एक का 21 लाख रुपए, ओल्ड एरिया लालकुर्ती की एक प्रॉपर्टी का 16 लाख रुपए, ओल्ड एरिया राय मार्केट की एक प्रॉपर्टी का 14 लाख रुपए, रामपुर गांव, ओल्ड एरिया गांधी मार्केट तथा बोह गांव का 13 लाख रुपए, ओल्ड एरिया का लाख रुपए तथा प्रभु प्रेम पुरम आश्रम ब्लाक- ए का 99 लाख रुपए के करीब बकाया पड़ा है। जिन लोगों का यह टैक्स बकाया है वह प्रापर्टी अधिकतर सदर एरिया की हैं। बताया जा रहा है कि यह रकम लगातार बकाया चली आ रही है। 20 बकायादारों पर करीब सात करोड़ रुपए का टैक्स बकाया है। अब इसी को लेकर नगर परिषद भी इसे वसूलने के लिए जल्द ही अभियान फिर से शुरू करेगी।नगर परिषद अंबाला सदर के ईओ देवेंद्र नरवाल ने बताया कि प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदारों की लिस्ट तैयार कर रहे हैं। जो भी बकायादार हैं, उनको नोटिस भेजा जाएगा। टैक्स न देने वाले बकायादारों की प्रॉपर्टी को सीज किया जाएगा।

### नोटिस होंगे जारी

नप अब बकाया वसूलने के लिए नोटिस जारी करने की तैयारी में है। नप जल्द ही इस मामले में बड़ा एक्शन ले सकता है। पिछले दिनों बर्फखाना जमीन की लीज रद्द करने की सिफारिश एसडीएम अंबाला कैंट ने की थी। हालांकि अभी तक इस मामले में स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। परिवहन मंत्री अनिल विज ने स्थानीय शहरी निकाय विभाग के एसीएस को उच्चस्तरीय जांच कमेटी गठित करने के आदेश दिए हैं।

# क्रिटिकल केयर यूनिट की तरह बनाया जाएगा भवन और मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधा

## अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में 100 बिस्तर वाले भवन का निर्माण कार्य दोबारा शुरू

- हाईकोर्ट व ऑर्बिटेशन में केस लंबित होने की वजह से रुका हुआ था काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में 100 बिस्तर वाले भवन का निर्माण कार्य हाईकोर्ट व ऑर्बिटेशन में केस लंबित होने की वजह से रुका हुआ था। मगर अब भवन का निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया है। यह भवन अत्याधुनिक चिकित्सीय सुविधाओं से लैस होगा जिसे क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) की तर्ज पर बनाया जाएगा।

यहां मरीजों को बेहतरीन उपचार मिलेगा। इस 100 बिस्तर के भवन के निर्माण होने से अंबाला छावनी सिविल अस्पताल की क्षमता दोगुनी अर्थात 200 बिस्तर की हो जाएगी। उर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल वि ने बताया कि इस नए भवन का डिजाईन इस प्रकार से तैयार किया गया है कि सामान्य मरीजों को संक्रमण का खतरा न उठाना पडें। विज ने बताया कि पहले भवन के निर्माण का केस हाईकोर्ट में होने की वजह से रूक गया था। इसके बाद ऑबिर्टेशन में केस जाने पर दोबारा से निर्माण कार्य लंबित हो गया। अब नए भवन के निर्माण का टेंडर हो गया है। 14.79 करोड़ रुपए की लागत से भवन का शेष निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 100 बिस्तर के नए भवन बनने से सिविल अस्पताल की क्षमता 200 बिस्तर की हो जाएगी। इससे अस्पताल आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को काफी फायदा होगा। मौजूदा समय में सिविल अस्पताल में 100 बिस्तर की ही सुविधा है लेकिन लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या के कारण अस्पताल में बिस्तर की कमी महसूस होने लगी थी इसीलिए नए भवन का निर्माण किया जा रहा है।

### सात मंजिला भवन में होंगी ये सुविधाएं

नई बिल्डिंग में कुल सात फ्लोर होंगे जिनमें दो बेसमेंट फ्लोर होंगे। इसमें एक फ्लोर पर वाहनों की पार्किंग होगी जबकि दूसरे फ्लोर पर एसी प्लांट व गैस प्लांट लगाया जाएगा। ग्राउंड फ्लोर में रजिस्ट्रेशन-कम-रिसेप्शन सेंटर, इमरजेंसी सर्विस उपलब्ध होगी, शौचालय व अन्य सुविधाएं होगी। जबकि पहले फ्लोर पर ईमरजेंसी वार्ड होंगे जिनमें 28 बैड होंगे। दूसरे फ्लोर पर इनफेक्टिव आईसीयू (इनटेंसिव केयर यूनिट) व तीसरे फ्लोर पर इनफेक्टिव ओटी, सुपर स्पेशलिस्ट ओटी तथा वार्ड होंगे। चौथे फ्लोर पर इनफेक्टिव ओटी, इनफेक्टिव ओटी, सुपर स्पेशलिस्ट ओटी तथा वार्ड होंगे तथा जीवन रक्षक साबित होगी क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) स्थापित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 100 बैड बिल्डिंग को क्रिटिकल केयर यूनिट की तरह तैयार किया जा रहा है। यहां गंभीर या आपात समय में मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध होगी। क्रिटिकल केयर में मरीज की हालत की लगातार निगरानी के लिए आवश्यक उपकरण, जरूरी दवाओं की व्यवस्था और मरीज की स्थिति के आधार पर चिकित्सीय निर्णय लेना शामिल होता है।

### सामान्य मरीजों को संकरमण का खतरा नहीं रहेगा

क्रिटिकल केयर यूनिट में दिल की धड़कनों, रक्तचाप, और अन्य महत्वपूर्ण शारीरिक संकेतों पर कड़ी नजर रखी जाती है। इससे डॉक्टर तुरंत किसी भी असामान्य लक्षण को पहचान कर त्वरित इलाज कर सकते हैं। सीसीयू में ऑक्सीजन सपोर्ट, दवाओं का इस्तेमाल, एमरजेंसी प्रॉसिजर, पोस्ट-केयर व रिकवरी आदि सुविधा रहती है। सीसीयू में कोरोना व अन्य बीमारियों के लिए भी अलग से चिकित्सीय सुविधा होती है, इनके भी अलग वार्ड होंगे। बिल्डिंग इस प्रकार डिजाइन होगी कि सामान्य मरीजों को संकरमण का खतरा न उठाना पड़े।

### सीजेएम ने सुधारगृह का किया औचक निरीक्षण

**अंबाला।** सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने सुधारगृह का औचक निरीक्षण किया। सुधारगृह में रह रहे किशोरों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान किशोरों को प्रदान की जा रही मेडिकल सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सुधारगृह मे स्थित रसोईघर व किशोरों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। सीजेएम ने बताया कि पीड़ित मुआवजा योजना के अंतर्गत जिला न्यायलय के आदेशानुसार मुआवजा प्रदान किया जाता है।

- रसोईघर व किशोरों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता जांची

### कविता सुनाओ प्रतियोगिता में गुरमन ने मारी बाजी

**बराड़ा।** शैमरॉक लिटिल फ्लावर स्कूल में शुक्रवार को शैमरॉक प्रेप जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए एक रंगारंग 'कविता सुनाओ प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों में उत्साह और जोश देखते ही बनता था। सभी नन्हें प्रतिभागी सुंदर-सुंदर प्रोप्स (सहायक वस्तुओं) के साथ मंच पर आए और अपनी-अपनी कविताएं प्रभावशाली अंदाज़ में प्रस्तुत कीं। गुरमन ने प्रथम स्थान, प्रेरणा ने द्वितीय स्थान तथा कैरन सैनी और युवानय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



अंबाला। एमडीएसडी कॉलेज में पौधरोपण करने पहुंचे सोसायटी पदाधिकारी।

## सर्वधर्म समाज ने एमडीएसडी कॉलेज में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सरकार द्वारा चलाए गए पौधारोपण अभियान के अंतर्गत सर्व धर्म समाज कल्याण सोसायटी द्वारा अन्य समाज सेवी सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण हेतू एमडीएसडी कॉलेज, अंबाला शहर तथा मोक्ष वृद्धाश्रम, डेहरी के प्रांगण में बड़, पीपल, नीम, नींबु, आम, अमरुद, सहजन तथा तुलसी के पौधे लगाए।

सोसायटी के चेयरमैन राजेंद्र कौशिक, कृष्ण गोपाल धीमान प्रधान, जोगिंद्र पाल कौशल संरक्षक, कुलभूषण राणा, तरसेम पाल शर्मा प्रधान, अशोक कुमार शर्मा महासचिव, शशि कुमार शर्मा प्रधान ठाकुर द्वारा मंदिर पंजोखरा साहिब, मनदीप शर्मा, अमरनाथ कश्यप, अरविंद अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, डॉ. सीमा सिंघल, कुलभूषण सहगल, डॉ. संजय गौतम, संजय कुमार, प्रवीण कुमार प्रधान, प्रदीप कुमार शर्मा सदस्य, सुभाष चंद रंगा के सार्थक प्रयासों से एमडीएसडी कॉलेज में तथा वृद्धाश्रम में यहां के सेवादारों संज लाल, कविता देवी, रवि कुमार, अरुण कुमार तथा वृद्ध आश्रम की महिला व पुरुषों के साथ मिलकर पौधा रोपण किया गया।

# छात्रों को कैंसर की जानकारी दी, निपटने के भी उपाय बताए

- पुलिस डीएवी स्कूल में आयोजित हुआ कैंसर जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में रोटरी क्लब ऑफ़ अंबाला एवं अंबाला छावनी के सहयोग से आज कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में फोर्टिस अस्पताल , मोहाली से डॉ. श्वेता तहलान ने इस कार्यक्रम में शिरक़त की । इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कैंसर जैसी भयानक बीमारी से बचने के उपायों के बारे में जागरूक किया गया । उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर को यदि हम इसके शुरुआत में ही पहचान ले तो हम इसे पूरी तरह से ठीक कर सकते है।

उन्होंने एचपीवी वैक्सीन के बारे में बताया कि इसको लगवाने के बाद भविष्य में कैंसर होने का ख़तरा नहीं रहता। उन्होंने पैप टेस्ट के बारे में जानकारी दी कि इस टेस्ट को चार या पांच साल बाद एक बार जरूर करवाना चाहिए जिससे कैंसर के बारे में हमे शुरआती स्टेज में ही पता चल जाए और इसका सही ढंग से ईलाज हो सके। डॉ. तहलान ने बताया कि तकनीक युग में अनेक सुविधाओं के होते हुए भी कैंसर जैसी बीमारियों से न लड़ पाने का कारण जागरूकता की कमी है । स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली ने सभी मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा डॉ. श्वेता तहलान द्वारा कैंसर जैसी भयानक बीमारी से बचने के उपायों के बारे में इस जागरूकता अभियान के लिए आभार जताया।



अंबाला। कैंसर विशेषज्ञ डॉ. श्वेता को सम्मानित करते प्रिंसिपल व मौजूद छात्र। फोटो : हरिभूमि



# पर्यावरण बचाने को लेकर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

- वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत कॉलेज में विभिन्न पर्यावरण संरक्षण गतिविधियां आयोजित की जा रही

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में चल रहे वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

कॉलेज की एनएसएस सैल और इको क्लब द्वारा पेड़ सुरक्षा और पर्यावरण बचाओ विषय पर एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का संयोजन कन्वीनर डॉ. ऋतु चांदना और प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पूजा बैरागी की देखरेख में किया गया। छात्राओं ने रैली के माध्यम से पौधों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आमजन को जागरूक किया। पर्यावरण सुरक्षा विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजित की गई। प्रतियोगिता में चेष्टा ने प्रथम, जसमीत कौर ने द्वितीय और सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि राजनंदिनी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

### विद्यार्थियों को दी न्याय दिवस की जानकारी

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस पर शुक्रवार को पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल अंबाला शहर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने शिरकत की। सीजेएम ने स्कूल में उपस्थित छात्रों अभिभावकों, अध्यापकों तथा अन्य लोगों को बताया की अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस न्याय, उत्तरदायित्व और मानवाधिकारों की सार्वभौमिक भावना का उत्सव है।

## सरदहेड़ी में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# तिलक लगाकर बेटियों का किया स्वागत

- टआज के समय में बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं: सीडीपीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा




गांव सरदहेड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ किरण बाला ने की।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के समय में बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। समाज को चाहिए कि वे लड़का-लड़की में भेदभाव न करें और बेटियों को भी आगे बढ़ने के समान अवसर दें। इस अवसर पर बेटियों का तिलक कर सम्मान किया गया।

आंगनवाड़ी केंद्र में बेटियों के नाम से पौधारोपण किया गया जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ बेटियों के सम्मान का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाई गई।

### जागरूकता रैली निकाली

इस दौरान गांव में एक जागरूकता रैली भी निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। इस कार्यक्रम में सुपरवाइजर अंजू कश्यप, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, हेल्पर तथा गांव की अन्य महिलाएं भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना और समाज में उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित करना था।



### कैंप में 32 लोगों के एचपी को किया गया चेक स्वास्थ्य विभाग की ओर से चल रहा है अभियान

**नारायणगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा एनीमिया मुक्त भारत अभियान एवं एनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड नंबर 6 में एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में 32 लोगों का हिमोग्लोबिन (एचबी) स्तर चेक किया गया। एसएमओं डॉ. राकेश सैनी एवं डॉक्टर नीतिश शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि इस अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से महिलाओं, किशोरियों, बच्चों और वृद्धजनों में समय रहते एनीमिया की पहचान करना और उचित उपचार प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि हिमोग्लोबिन की कमी यानी खून की कमी एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करती है और कार्यक्षमता को प्रभावित करती है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की विशेषज्ञ टीम ने भाग लिया। जांच के दौरान जिन व्यक्तियों का एचबी स्तर सामान्य से कम पाया गया, उन्हें मौके पर ही आयरन की गोलियां, आवश्यक पोषण संबंधी परामर्श एवं आहार सुधार की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त लोगों को संतुलित आहार, हरी सब्जियों, गुड़, चना, अंकुरित अनाज आदि के सेवन के प्रति प्रेरित किया गया। सैनी ने बताया कि एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में चरणबद्ध तरीके से एनीमिया जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। इसके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचकर उन्हें एनीमिया के प्रति जागरूक किया जा रहा है।